हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026

14 घर-घर पहुंचीं बिहान दीदियां, 'आशीर्वाद का दीया' के लिए जुटाए ...

16 बालोद में विकास कार्यों के लिए 1.10 करोड़ ...

## खबर संक्षेप

### खुटेरी में अवैध शराब की बिक्री का आरोप, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर है। अवैध शराब की ब्रिक्री से गांव का माहौल खराब होने लगा है। ग्रामीण लवकेश यदु ने बताया कि थाना रनचिराई पुलिस एवं गांव के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते अवैध कारोबार करने वालों की हौसला बुलंद हो गया है। गांव में ग्राम पंचायत के द्वारा अवैध कारोबारीयों पर लगाम कसने के लिए उन पर पर अर्थदंड का प्रवधान रखने के बावजूद कारोबारियों पर कोई असर नही हो रहा है। यदु ने कहा कि गांव में आसानी से शराब उपलब्ध होने से गांव के युवा संहित बच्चों को भी शराब का लत होने लगा है। उन्होंने यह भी कहा इन अवैध शराब कारोबारियों को गांव के जिम्मेदार व्यक्तियों का सरक्षण मिला रहा है जिसके चलते अवैध कारोबार करने वालों का हौसला बुलंद हैं।

### फैक्ट्री का बाउंड्रीवाल फांदकर केबल वायर चोरी

**भिलाई।** ग्राम ढाबा स्थित भिलाई सिमेंट डाबर फैक्ट्री में अज्ञात चोर ने करीब 18 हजार रुपये कीमत का कॉपर केबल वायर चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई, जब फैक्ट्री के कर्मचारी दोपहर में लंच पर गए हुए थे। कुम्हारी थाना पुलिस ने सुपरवाइजर सुरेन्द्र कुमार (40 वर्ष) की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 14 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच फैक्ट्री के सभी कर्मचारी लंच पर गए थे।

## आयोजन : पीएम आवास हितग्राही भी होंगे सहभागी

# जिले में 10 लाख दीपों से जगमगाएगा सेवा संकल्प, गांव-गांव पहुंचा 'आशीर्वाद का दीया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत बालोद जिले में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दीपों का वितरण किया गया है। 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से जिलेभर में सेवा, सुशासन और विकसित छग के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 10 लाख दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों, हितग्राहियों और आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में भी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में दीप वितरण के बाद स्थानीय स्तर पर नागरिकों को कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के हर गांव तक सेवा संकल्प अभियान की भावना को पहुंचाना है। जिला स्तर पर सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एक लाख दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां आयोजित होने वाला कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान की जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनेगा। दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा, सुशासन और विकसित छग के निर्माण में अपनी सहभागिता का संदेश दिया जाएगा।

### 'आशीर्वाद का दीया' की तैयारियों को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीसी में दिए निर्देश

**बालोद।** सेवा संकल्प अभियान को प्रदेशव्यापी जनभागीदारी का अभियान बनाने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की। आज आयोजित होने वाले आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस वर्चुअल बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सुनील चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि जिले में 10 लाख दीये प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है और जिला स्तर पर 01 लाख दीया जलाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों और सभी संस्थागत सभी अमृत सरोवर तथा प्रधानमंत्री आवास आदि स्थानों पर दीये जलाए जाएंगे। बैठक में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने वाला जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रदेशभर में लोग अपने-अपने स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षो की राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित छग के निर्माण का संकल्प लेंगे। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित की जाए। शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के साथ आम नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। स्कूल, छात्रवास, आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय भवन, स्वास्थ्य केंद्र, महतारी सदन, पीडीएस दुकान, धान खरीदी केंद्र, अमृत सरोवर, अटल चैक और धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों में भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी बिहान की दीदियां भी इस अभियान में सहभागी बनेंगी। पर्यटन स्थलों और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी दीप प्रज्ज्वलित कर विकसित भारत और विकसित छग के संकल्प को मजबूत किया जाएगा।

# बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के पुरुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम जगतरा के पास बस ने बाईक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार नयारापेट्रोल पंप ग्राम जगतरा के पास रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही मनीष ट्रेवल्स की बस ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस की टक्कर के बाद बाइक सवार काफी दूरी तक बस की चपेट में घसीटता चला गया, जिसके चलते मृतक का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

जिसकी जानकारी के बाद पुरूर पुलिस घटना स्थल पर पहुची तथा शव का पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस जांच जारी है।

## सांप काटने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम मोहारा में करैत सांप के काटने से 32 साल की महिला की मौत हो गई। महिला तीजा का त्यौहार मनाने मायके आई थी। बताया गया कि रात को वह जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। परिजनों ने लाइट जलाई तो बिस्तर के पास काले रंग का करैत सांप लिपटा मिला। मिली जानकारी के अनुसार महिला केकती बाई सिन्हा धमतरी जिले के अरौद अर्जुनी की रहने वाली थी। जहां सांप के काटने के दर्द के बाद केकती ने परिजनो को आवाज लगाई तब परिवार के लोग जाग गए। लाइट जलाने पर बिस्तर के पास सांप दिखाई दिया। परिजनों ने रात में ही सांप को मार दिया।

परिजन उसे जिला अस्पताल बालोद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग में बालोद के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

**बालोद।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत कांकेर जिले में आयोजित वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत पदक हासिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका संवर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में चंचल रावटे, नोवल दास साहू एवं चंद्रहासिनी पाटिल ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, वहीं तृप्ति जमुलकर ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के इस शानदार उपलब्धि के लिए अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने संयुक्त जिला कार्यालय में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की।

### कैफे हाउस के बोर का केबल वायर चोरी

**कुसुमकसा।** ग्राम अरमुरकसा में संचालित कैफे हाउस के बोर में लगा करीब 120 मीटर केबल वायर बीती रात अज्ञात चोर काटकर ले गए। चोरी गए केबल वायर की कीमत करीब 4800 रुपए बताई गई है। कैफे संचालक अमाय नागवंशी ने बताया कि सुबह कैफे खोलने के बाद पानी के लिए मोटर चालू की गई, लेकिन पानी नहीं आया। इसके बाद बोर के पास जाकर देखा तो मोटर का केबल वायर गायब था। जांच करने पर केबल काटकर ले जाने की जानकारी सामने आई। घटना की लिखित सूचना कैफे संचालक ने राजहरा थाना में देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अतिक्रमण हटाने के बाद भी सदर रोड पर जाम, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर नगर पालिका के साथ प्रशासन द्वारा सदर रोड़ में यातायात सुगम करने के लिए बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई, लेकिन इसके बाद भी सदर रोड़ में घंटो लोगो को जाम का सामना करना पड़ रहा है। यह सब प्रशासन की लचर कार्यशैली का परिणाम है।

> ■ घंटों जाम में फंसे रहे लोग, आधे घंटे तक थमा रहा यातायात

जिला मुख्यालय में नगर पालिका व प्रशासन के द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय के कई क्षेत्रे में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई, लेकिन इसके बाद भी जिला मुख्यालय के कई जगहो के साथ सदर मार्ग में लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा है तथा जाम की स्थिति के कारण कई बार आधा घटे तक भी जाम मे फंसकर लोग अपना अमूल्य समय के साथ ईंधन गवाते नजर आते है।

आरोप है कि इतने व्यस्ततम मार्ग व बाजार का दिन होने के बाद भी ट्रैफिक पुलिस का एक भी जवान स्थिति पर काबू पाने तथा यातायात को बहाल करने के लिए मौजूद नही था, जिसके कारण वहां आस पास मौजूद अन्य दुकानदारो ने अपनी दुकानदारी छोड़ मार्ग बहाल करने का प्रयास किया, जहां काफी प्रयास के बाद भी वे असफल रहे। वही यातायात पुलिस द्वारा कैंप कर आम जनता पर चालानी कार्यवाही तो कर दी जाती है, लेकिन जब यातायात को सुगम करने का समय आता है तो महत्वपूर्ण जगहो से यातायात पुलिस नदारद नजर आती है। जिसके कारण लोगों आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### धान की रुकी 1700 करोड़ रुपए की राशि जारी करने की मांग

# किसानों की मांगों को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय किसान संघ गुरुर द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय किसान संघ गुरूर जीवन साहू के नेतृत्व में भारतीय किसान संघ द्वारा गौ वंदन योजना पर प्रस्ताव संलग्न पारित किया। संघ ने मांग की कि प्रदेश में लागू किया जाए एवं जी-राम-जी योजना को गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन से जोड़ा जाए, अन्य 11 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

> ■ गौ वंदन योजना लागू करने और जी-राम-जी योजना को गौ संरक्षण से जोड़ने की मांग

संघ ने मांग की कि धान खरीदी 2022-23 की किसानों की रुकी हुई 1700 करोड़ की राशि किसानों को प्रदान की जाए, खेती की लागत प्रति वर्ष बढ़ती जा रहा है केंद्र सरकार ने इस आधार पर धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, परंतु राज्य सरकार में यह लाभ किसानों को हस्तांतरित ना करते हुए धान की खरीदी मूल्य में पिछले 3 वर्षो में कोई बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण किसानों की आय बढ़ने की जगह घटती जा रही है, कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रति क्विंटल 800 की राशि को केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य में जोड़ कर दिया जाए, गन्ना के मूल्य में 200 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की जाय एवं इसे कृषक उन्नति योजना में जोड़ा जाए। बाजार में अधिक मूल्य पर खाद विक्रय करने पर रोक लगाई जाए एवं ऐसे विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए। एग्रीटेक में सम्मिलित खातेदारों को पंजीकरण में परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। अतः धान खरीदी के लिए सभी खाताधारक के पंजीयन अनिवार्यता को शिथिल किया जाए।

इस अवसर पर जिला महामंत्री भारतीय किसान संघ बालोद चाणक्य यादव, सदस्य भारतीय किसान संघ गुरूर खिलेश्वर साहू, सदस्य भारतीय किसान संघ गुरूर भारत लाल सार्वा, सदस्य भारतीय किसान संघ गुरूर मोतीलाल साहू, ब्लॉक गन्ना किसान संघ गुरूर दुलारू राम साहू, प्रवीण कुमार साहू, मीडिया प्रभारी भारतीय किसान संघ गुरूर सूर्यकांत साहू सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

## आयोजन : दिव्यांगजनों के लिए प्रमाणीकरण और सामग्री वितरण शिविर लगेगा

# सेवा संकल्प अभियान में आज होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय बालोद में सेवा, संवेदना और जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत वृद्धजनों से भेंट, दिव्यांगजनों के लिए प्रमाणीकरण एवं सामग्री वितरण शिविर, रक्तदान शिविर तथा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10.30 बजे से 11 बजे तक आदमाबाद स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया जाएगा।

■ स्वास्थ्य विभाग के शिविर में आम नागरिक कर सकेंगे रक्तदान

इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा वृद्धजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना जाएगा तथा उन्हें आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। प्रातः 11 बजे से समाज कल्याण विभाग परिसर, झलमला में दिव्यांगजनों हेतु प्रमाणीकरण एवं सामग्री वितरण शिविर का आयोजन होगा। शिविर में दिव्यांगजनों को आवश्यक सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसी परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। आम नागरिकों से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### घर-घर पहुंचीं बिहान दीदियां, 'आशीर्वाद का दीया' के लिए जुटाए मिट्टी के दीये

बालोद। शासकीय योजनाएं तब जन–आंदोलन का रूप लेती हैं, जब समाज का हर वर्ग उनमें अपनी सहभागिता निभाता है। जिले में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत कुछ ऐसा ही उत्साह देखने को मिल रहा है। अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को लेकर बिहान स्व–सहायता समूह की दीदियों ने जन जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की है। बालोद विकासखंड की बिहान समूह से जुड़ी महिलाएं गांव–गांव और घर–घर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वेच्छा से मिट्टी के दीये और बाती एकत्र किए और परिवारों को सेवा संकल्प अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। बिहान समूह की विनीता साहू, रवीना साहू ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सुशासन और जनभागीदारी की भावना को घर–घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि दीदियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें आज 'आशीर्वाद का दीया' जलाने और सेवा संकल्प अभियान में सहभागी बनने के लिए भी प्रेरित किया। दीदियों की इस पहल से ग्रामीणों ने स्वेच्छा से मिट्टी के दीये उपलब्ध कराए और अभियान से जुड़ने की इच्छा जताई। बिहान स्व–सहायता समूह की महिलाएं 'आशीर्वाद का दीया' के लिए घर–घर जाकर लोगों को जोड़ने की यह पहल महिला सशक्तिकरण और जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बन रही है। आज शाम जब 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित होगा, तो उसकी रोशनी में केवल मिट्टी के दीये ही नहीं, बल्कि बिहान दीदियों के जनजागरूकता के जज्बे, ग्रामीणों की सहभागिता और सेवा के प्रति सामूहिक संकल्प की चमक भी दिखाई देगी।

### कनेरी अमृत सरोवर में जगमगाएंगे 11 हजार दीये

बालोद। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुर विकास खण्ड के ग्राम कनेरी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्राची ठाकुर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं और विभागों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। एसडीएम प्राची ठाकुर ने ग्राम कनेरी में आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि ग्राम कनेरी स्थित अमृत सरोवर में 11,000 दीया प्रज्वलित किया जाएगा। उन्होंने स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली और आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

### आज जलेगा 'आशीर्वाद का दीया', गंजपारा स्टेडियम में होगा आयोजन

बालोद। शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत आज बालोद जिले में आशीर्वाद का दीया जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वर्गीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम गंजपारा बालोद में शाम 05 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में श्रम विभाग के निर्धारित अधिकारी, कर्मचारी शामिल होंगे। श्रम पदाधिकारी कार्यालय बालोद से अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी 17 सितंबर को रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन में लगाई गई है। इसके बावजूद शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का दीया जलाने के लिए कार्यालय के निर्धारित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बालोद में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा भावना से जुड़े संकल्प को जन–जन तक पहुंचाना तथा श्रमिकों एवं आम नागरिकों के हित में संचालित प्रयासों के प्रति सहभागिता सुनिश्चित करना है।

■ सेवा भावना और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का दिया जाएगा संदेश

### मोहदींपाठ में 11 हजार दीपों से सजेगा बाबा दरबार, पीएम आवास हितग्राही भी जलाएंगे दीप

अंडा। ग्राम मोहदींपाठ में बाबा दरबार के पास मंदिर प्रांगण में 11 हजार दीपों का दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्राम युवा साथियों और ग्रामवासियों से सामूहिक सहभागिता की अपील की गई है। इसके लिए गुरुवार शाम 4 बजे सभी संगठनों एवं ग्रामवासियों को उपस्थित होकर 11 हजार दीपों के लिए तेल-बाती की तैयारी करने का आग्रह किया गया है। पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश साहू ने बताया कि ग्राम के जिन हितग्राहियों को शुरू से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, उनसे प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के लिए घर पर एक दीप जलाने तथा मंदिर प्रांगण में आयोजित 11 हजार दीपोत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर जीवन में एक बार आने वाला पल है, इसलिए सभी ग्रामवासी इसमें सहभागिता करें। आयोजन में ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत, बिहान समूह, स्व-सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वच्छता कार्यकर्ता, महिला-पुरुष मानस मंडली, सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, गणेशोत्सव समिति, श्रीरामोत्सव समिति, अधिकारी-कर्मचारी ग्रुप, क्रिकेट क्लब, कबड्डी समिति सहित सभी ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा योजना से बदली कुम्हार मोहन लाल की राह, 3 हजार दीये तैयार

बालोद। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम विश्वकर्मा योजना' पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम ओरमा के कुम्हार मोहन लाल कुंभकार इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिन्होंने योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पारंपरिक हुनर को नया संबल दिया है। मोहन लाल अपने हाथों में मिट्टी के सुंदर नक्काशीदार दीये दिखाते हुए बताते हैं कि उन्होंने इस अवसर के लिए अल्प अवधि में ही लगभग 03 हजार विशेष दीये तैयार किए हैं। मोहन लाल ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि '17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' अवश्य जलाएं। मैं भी अपने घर में दीया जला रहा हूं और आप सब भी जलाएं। जब मेरे बनाए हुए यह दीये जगमगाएंगे, तो मुझे बड़ी खुशी होगी। माटीकला शिल्पकार मोहन लाल ने बताया कि 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के तहत उन्हें दी गई ट्रेनिंग से उनके हुनर में निखार आया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना सहित अन्य छग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है और 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के माध्यम से मिले सहयोग से उनकी आर्थिक स्थिति जहाँ मजबूत हुई है वहीं उन्हें आजीविका का बेहतर साधन मिला है।

### 10 लाख लेकर जमीन का सौदा किया, फिर दूसरे को बेचा

भिलाई। जमीन खरीदने के नाम पर भरोसा दिलाकर लाखों रुपए लेने और बाद में उसी जमीन को किसी दूसरे व्यक्ति को बेचने का मामला सामने आया है। मोहन नगर पुलिस ने भूमि सौदे में धोखाधड़ी के आरोप में जमीन दलाल लोकेश खुल्लर उर्फ लक्की उम्र 38 वर्ष, निवासी मैत्रीनगर रिसाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और उसके साथियों ने प्रार्थी से कुल 10.01 लाख रुपए लिए थे। मामला उरला क्षेत्र की जमीन से जुड़ा है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, वर्ष 2024 में विजय सिंह चौहान की पहचान अजय साहू से हुई थी। अजय ने उन्हें जमीन खरीद-बिक्री का काम करने वाले लोकेश खुल्लर और अमित साहू से मिलवाया। आरोपियों ने विजय सिंह को उरला स्थित करीब 10 हजार वर्गफीट जमीन दिखाई।

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा जिला बालोद**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202609243200012 /अ 21 /25-26

सर्व साधारण ग्राम कोटगांव/सनौद प.ह.न. 22/21 तहसील अर्जुन्दा को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमकुमार आ. टीकाराम एवं अन्य 4 जाति हल्बा निवासी खुटेरी (खे) तहसील अर्जुन्दा द्वारा ग्राम कोटगांव एवं ग्राम सनौद प.ह.न. 22 एवं 21 तहसील अर्जुन्दा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1076/1, 1126/1, 1126/3, रकबा 0.06, 0.44, 0.02 कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.52 हे. एवं ग्राम सनौद स्थित भूमि ख.न. 100 रकबा 0.06 हे. भूमि दर्ज है। उक्त ख.न. की भूमि को क्रेता (गैर आदिवासी) तोमेश कुमार आ. टोमनलाल साहू निवासी सनौद तहसील अर्जुन्दा के पास विक्रय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय बालोद को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक की ग्राम कोटगांव स्थित भूमि ख.न. 1076/1, 1126/1, 1126/3, रकबा 0.06, 0.44, 0.02 कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.52 हे. एवं ग्राम सनौद स्थित भूमि ख.न. 100 रकबा 0.06 हे. आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी के पास विक्रय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो, तो दिनांक 21.09.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति या दावा पेश कर सकते है। बाद में आए हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 07.09.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, अर्जुन्दा, जिला बालोद

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा जिला बालोद**

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. 202609243200013 अ 21/25-26

सर्व साधारण ग्राम कोटगांव प.ह.न. 22 तहसील अर्जुन्दा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन लाल आ. दिनेश एवं अन्य 2 जाति हल्बा निवासी कोटगांव तहसील अर्जुन्दा द्वारा ग्राम कोटगांव प.ह.न. 22 तहसील अर्जुन्दा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1085, 1087, 1088, 1089, 1090, 1091, 1092, 1093, 1101/2, 1116/2, 1123 रकबा 0.06, 0.03, 0.03, 0.04, 0.03, 0.04, 0.04, 0.34, 0.04, 0.20, 0.07 हे. कुल ख.न. 11 कुल रकबा 0.92 हे. भूमि दर्ज है। उक्त ख.न. की भूमि को क्रेता (गैर आदिवासी) लवण कुमार आ. टोमनलाल साहू निवासी सनौद तहसील अर्जुन्दा के पास विक्रय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय बालोद को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक की ग्राम कोटगांव स्थित भूमि ख.न. 1085, 1087, 1088, 1089, 1090, 1091, 1092, 1093, 1101/2, 1116/2, 1123 रकबा 0.06, 0.03, 0.03, 0.04, 0.03, 0.04, 0.04, 0.34, 0.04, 0.20, 0.07 हे. कुल ख.न. 11 कुल रकबा 0.92 हे. भूमि आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी के पास विक्रय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो, तो दिनांक 21/09/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति या दावा पेश कर सकते है। बाद में आए हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, अर्जुन्दा, जिला-बालोद

### डौंडीलोहारा और रेंगाडबरी मंडल में आज जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा 'मोदी जी के 25 वर्ष, सेवा संकल्प' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डौंडीलोहारा एवं रेंगाडबरी भाजपा मंडल ने क्षेत्रवासियों से अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करने की अपील की है। भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में देश की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश विकास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' प्रधानमंत्री के प्रति जनभावनाओं और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति का अवसर है। क्षेत्रवासी आज शाम 7 बजे अपने घरों में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा देश की प्रगति और समृद्धि की कामना करें।इसी क्रम में भाजपा मंडल रेंगाडबरी के अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र ने भी क्षेत्रवासियों से 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं। इस अवसर पर प्रत्येक परिवार अपने घर में एक दीप प्रज्वलित कर शुभकामनाएं व्यक्त करे। भाजपा मंडल डौंडीलोहारा एवं रेंगाडबरी से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम को लेकर प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक तैयारियां की गई हैं। मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों और क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए अपील कर रहे हैं।

दोनों मंडलों में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने निवास के साथ-साथ बूथ स्तर पर भी दीप प्रज्वलित करेंगे। कार्यक्रम में मंडल क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ जनपद पंचायत, नगर पंचायत, विभिन्न मोर्चों, सहकारी समितियों एवं शाला प्रबंधन समितियों से जुड़े पदाधिकारियों की सहभागिता रहेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों से आज शाम 7 बजे एक दीप जलाकर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### नर्मदाधाम सुरसुली में आज 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम

डौंडीलोहारा। शासन के निर्देशानुसार सेवा, जनभागीदारी एवं जन आभार की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड प्रशासन डौंडीलोहारा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नर्मदाधाम सुरसुली में शाम 7 बजे से शुरू होगा।कार्यक्रम के तहत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं जन आभार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जन आभार और सेवा भावना का संदेश प्रसारित किया जाएगा। नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा ने जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड प्रशासन डौंडीलोहारा द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से भी कार्यक्रम में सहभागी बनकर सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करने और जन आभार की भावना को मजबूत करने की अपील की है।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

देश के यशस्वी, कर्मठ और
दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
प्रदेशाध्यक्ष
श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
कृष्ण कुमार ठाकुर
जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा
जिला - बालोद

देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
प्रदेशाध्यक्ष श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
संतोष कौशिक
जिला अध्यक्ष सेन समाज
जिला महामंत्री - भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा
एल्डरमेन - नगर पालिका परिषद बालोद

जीवेत शरदः शतम्
17 सितम्बर
देश के यशस्वी, कर्मठ और
दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं
प्रदेशाध्यक्ष
श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!
विनीत
भाजपा मण्डल

जीवेत शरदः शतम्
देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं प्रदेशाध्यक्ष
श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!
17
विनीत
भाजपा किसान मोर्चा

देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं प्रदेशाध्यक्ष
श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
श्रीमती दिनेश्वरी सिन्हा सरपंच, ग्राम पंचायत कनेरी

देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं प्रदेशाध्यक्ष
श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
पुष्पलता बघेल -जिला अध्यक्ष, सहकारी भारती महिला प्रकोष्ठ, सरपंच ग्राम पंचायत हथौद

जीवेत शरदः शतम्
17 सितम्बर
देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
प्रदेशाध्यक्ष श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!
नन्द किशोर शर्मा
पूर्व अध्यक्ष
नगर पंचायत गुरूर

जीवेत शरदः शतम्
17 सितम्बर
देश के यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
प्रदेशाध्यक्ष श्री किरण सिंहदेव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!
प्रदीप साहू
अध्यक्ष, नगर पंचायत गुरूर

## खबर संक्षेप

### घायल युवकों को सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र साहू ने पहुंचाया अस्पताल

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल ढाबा के सामने दो बाइक सवार को गंभीर अवस्था में खून से लथपथ सडक किनारे तडप रहे युवकों को अपने ससुराल से आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र साहू चंदखुरी निवासी ने बिना देर किए तत्काल अपनी कार से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और युवकों का जान बचाने में मदद किया। सुत्रो से पता चला है कि घायल एक युवक संजय ढीमर चंदखुरी व इतांशु ढीमर छोटे पुरदा निवासी बताया गया है। दोनों का सिर, कान, हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। पता चला है कि भूपेन्द्र साहू पूर्व में भी निः स्वार्थ कई सड़क दुघर्टना में घायलों को अपनी कार से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जिसमें से एक 10-12 वर्ष पूर्व अंडा थाना प्रभारी सिन्हा नामक अधिकारी का चंदखुरी बस स्टैंड के पास रात्रि 10 बजे के आसपास एक गाय मे टकराने से गंभीर अवस्था में तुरंत राजीव लोचन हास्पिटल ले जाया गया फिर रिफर कर स्वयं भूपेन्द्र साहू ने अस्पताल के एंबुलेंस से डायवर ना होने से स्वयं चलाकर जिला अस्पताल लाया गया।

### डौंडीलोहारा महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में बुधवार को प्राचार्य के निर्देशन में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। 14 सितंबर को महाविद्यालय में अवकाश होने के कारण हिन्दी दिवस का आयोजन 16 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को हिन्दी भाषा के महत्व, उपयोगिता और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता के संबंध में जानकारी दी। प्रदीप खरे, इलेश चंद्राकर, पंकज सुधाकर, देवानंद वर्मा, नंद किशोर सिन्हा एवं कुलेश्वर पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और सामाजिक भावनाओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी का समृद्ध साहित्य देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोता है। वर्तमान दौर में तकनीकी एवं डिजिटल माध्यमों में भी हिन्दी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान रखते हुए इसके अध्ययन और व्यवहारिक उपयोग को बढ़ावा दें।कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया।

# दल्लीराजहरा के बाजार में गूंजे रामधुनी के स्वर, 48 साल पुरानी परंपरा में दिखी नारी शक्ति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

तीज पर्व के अवसर पर दल्लीराजहरा के मुख्य बाजार में राजहरा हाथ ठेला मजदूर संघ की 48 साल पुरानी रामसत्ता (अखंड रामधुनी) की परंपरा एक बार फिर भक्ति, लोक संस्कृति और सामाजिक एकजुटता के रंग में जीवंत हो उठी।

15 एवं 16 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता में धर्म और संस्कृति की ऐसी छटा देखने को मिली, जिसने बाजार क्षेत्र को दो दिनों तक भक्तिमय बना दिया। आयोजन इस वर्ष नारी शक्ति को समर्पित रहा। राजहरा हाथ ठेला मजदूर संघ की यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा वर्ष 1980 में शुरू हुई थी। तत्कालीन अध्यक्ष स्व. रामलाल साहू (रमलू) के नेतृत्व में करीब 200 से अधिक हाथ ठेला मजदूरों ने इसकी शुरुआत की थी। उस दौर में दल्लीराजहरा की आबादी डेढ़ लाख से अधिक बताई जाती थी। तब शुरू हुआ यह आयोजन आज 48वें वर्ष में भी उसी उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है।

इस आयोजन की खासियत यह है कि बदलते समय और परिस्थितियों के बावजूद हाथ ठेला मजदूर संघ के सदस्यों ने अपनी परंपरा को टूटने नहीं दिया। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले श्रमिक अपनी मेहनत की कमाई से इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप देते आ रहे हैं। आयोजन देखने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शहरवासी पहुंचते हैं।

## हाथ ठेला मजदूर संघ के श्रमिक अपनी मेहनत की कमाई से निभा रहे धार्मिक परंपरा

### तीज से गणेश विसर्जन तक भक्ति का माहौल

तीज पर्व के दिन शुरू होने वाला यह आयोजन अगले दिन गणेश चतुर्थी के विसर्जन के साथ संपन्न होता है। दो दिनों तक मुख्य बाजार क्षेत्र में रामधुनी की गूंज के साथ धार्मिक वातावरण बना रहा। इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 6 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### मंच के सामने बनेगा विशाल डोम शेड : तोरण साहू

समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, एल्डरमैन महेंद्र पिपरे, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश खस और भाजयुमो उपाध्यक्ष रौनक साहू पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया।

**आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा योगदान:** रामधुनी आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के शोभित राम निर्मलकर, मिथिलेश निर्मलकर, संतोष कुमार साहू, ललित राम निर्मलकर, मिथलेश साहू, राजकुमार साहू, यादराम साहू, हीरालाल साहू, कमलेश निर्मलकर, यादराम निषाद, उत्तरा कुमार साहू, गोपाल राव और लेखराम देवांगन सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## सौगात : पेन्ड्री, परसदा और बरबसपुर को 10-10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

# बालोद में विकास कार्यों के लिए 1.10 करोड़ रुपए की सौगात, सामाजिक भवन को मिले 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा ने बालोद जिला को विभिन्न कार्यो के लिए 1, करोड़ 10 लाख की सौगात दिए।

अहिवारा विधायक और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा ने बालोद जिला के विकास के लिए 1 करोड़ 10 लाख की सौग़ात दी है, जिसमें जिला सतनामी बालोद के लिए जिला मुख्यालय में सर्वसुविधा युक्त बहु प्रतिक्षित मांग समाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पेन्ड्री के लिए दस लाख, परसदा के लिए दस लाख, बरबसपुर के लिए दस लाख, मासुल पाँच लाख, कुथरेल दो लाख, चीरचार पाँच लाख, संबलपुर पाँच लाख, सांगली आठ लाख और जगन्नाथपुर सांकरा के लिए पाँच लाख कुल एक करोड दस लाख स्वीकृत किए गए है। कोर्सेवाडा द्वारा की गई इस स्वीकृति के लिए जिला पदाधिकारियों द्वारा उनके निवास दुर्ग में भेट किया, जिला सतनामी समाज बालोद जिलाध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि जिला मुख्यालय में सामाजिक भवन की माँग को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने काफी लम्बे समय से प्रयास किया जिसका सपना हमारे राजमहंत कोर्सेवाडा ने पूरा किया। भवन निर्माण का मुख्य उद्देश्य समाज के दूरस्थ अंचल के बच्चे व आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चे वहाँ रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे, साथ ही सामाजिक रीति नीति का संचालन जिला मुख्यालय से होगा।

जिला संरक्षक पवन जोशी ने बताया कि सर्वसुविधा युक्त की भवन की स्वी—ति मिलने पर समाज में काफी खुशी का माहौल है, पढ़ाई जीवन से ही समाज के बड़े बुजुर्ग से मिलकर समाज को जोड़ने का काम करते थे, जिसका आज परिणाम है कि समाज के सर्वोच्च पद राजमहंत जैसे पद पर आसीन हैं और छग सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर समाज और सभी वगोंर् को अपनी सेवा दे रहे है। भवन की स्वीकृति मिलने पर जिला पदाधिकारियों मे प्रमुख रूप से असवन बारले, विजय बघेल, प्रेमदास टंडन, मातरम कोसर, बूटेदास, डाक्टर चन्द्रकुमार दशहरे, पंडित तुलसीदास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला महासचिव संजय जोशी, सचिव संतराम बंजारे, कोषाध्यक्ष गोवर्धन बारले, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण बघेल, डौण्डीलोहारा से तहसील अध्यक्ष धनेश बघेल, गुण्डरदेही से नीलकंठ टंडन, बालोद से धनीराम बारले, अर्जुन्दा से उधोराम बराहेन, गुरूर से लक्ष्ुराम देशलहरा, डौण्डी से पुरषोत्तम बारले रवि टंडन, संदीप जोशी, निर्मल बघेल, जिला अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शशि बंजारे, जिला महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिनेश्वरी हिना बंधु, दीपक बघेल, निर्मला बंजारे, श्यामा बाई मार्कण्डेय, दान बाई बंजारे, राधेलाल बंजारे, समारु राम टंडन, धन्नू लाल टंडन, गंगा बाई टंडन और सभी सामाजिक जन उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों की रॉयल्टी और डीएमएफ राशि का होगा हिसाब

## पांच दिन में मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में शासकीय निर्माण कार्यों में खनिज राजस्व मद के अंतर्गत देय रॉयल्टी एवं जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ राशि की जानकारी अद्यतन करने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में खनिज शाखा द्वारा जिले के विभिन्न विभागों, निर्माण एजेंसियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी निर्धारित समय—सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

खनिज शाखा द्वारा जारी पत्र में वित्तीय वर्ष 2015—16 से 2025—26 तक कराए गए निर्माण कार्यों में निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा देय रॉयल्टी और डीएमएफ राशि के विरुद्ध जमा की गटी राशि, जमा डीएमएफ राशि तथा भुगतान के लिए शेष राशि की जानकारी मांगी गई है। संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्धारित प्रारूप में माहवार एवं दिनांकवार जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जमा राशि से संबंधित चालान की प्रति अथवा ट्रांजेक्शन रिपोर्ट भी उपलब्ध करानी होगी। यह जानकारी पत्र प्राप्ति के 5 दिवस के भीतर विशेष वाहक के माध्यम से खनिज शाखा कार्यालय में अथवा ई—मेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इस जानकारी के आधार पर जिले में निर्माण कार्यों से संबंधित रॉयल्टी एवं डीएमएफ राशि का संकलित डाटा तैयार कर उसका मिलान किया जाएगा जिससे विभागीय अभिलेखों में जानकारी को अद्यतन रखा जा सके। खनिज शाखा ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2026—27 से संबंधित जानकारी प्रत्येक माह की 5 तारीख तक उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी विभाग या निर्माण एजेंसी की जानकारी निरंक हो, तब भी निर्धारित प्रारूप में निरंक जानकारी उपलब्ध करानी होगी। गौरतलब है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया का उद्देश्य खनिज राजस्व एवं डीएमएफ मद से संबंधित राशि का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध मिलान सुनिश्चित करना है।

## कुसुमकसा में करुभात महोत्सव

# हजारों सुहागिनों ने एक साथ ग्रहण किया प्रसाद, तीज पर दिखी सामाजिक समरसता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

हरितालिका तीज पर्व की पूर्व संध्या पर कुसुमकसा के शिव मंदिर प्रांगण में 11वें पारंपरिक करुभात महोत्सव का आयोजन किया गया। हजारों सुहागिनों एवं युवतियों ने एक साथ बैठकर करुभात का प्रसाद ग्रहण किया।

जनपद सदस्य मंजू संजय बैस ने भगवान भोलेनाथ का पूजन कर श्रृंगार सामग्री अर्पित की और सुहागिन बहनों को श्रृंगार सामग्री भेंट कर तीज की शुभकामनाएं दीं। मंदिर के पुजारी लखन गिरी गोस्वामी ने विधिवत पूजा एवं सामूहिक महाआरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों ने हलवा, दाल, चावल और करेले की सब्जी परोसकर बहनों की सेवा की। महिलाओं ने पुरानी सहेलियों से मिलकर बचपन और पुराने दिनों की यादें साझा कीं। यह परंपरा गांव के दिवंगत शिक्षक स्व. अवध पिस्दा के नेतृत्व में 11 वर्ष पूर्व शुरू हुई थी, जिसे ग्रामीणजन आज भी आगे बढ़ा रहे हैं।

पूर्व जनपद सदस्य एवं भाजपा नेता संजय बैस ने तीज पर्व को मातृशक्ति की आस्था, परिवार की खुशहाली और भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया। आयोजन में शंकर पिस्दा, गोविंद सिन्हा, नंदकिशोर पिस्दा, वाय.पी. गांगुली, श्यामलाल लेड़िया, राजू सिन्हा, डॉ. नसीम खान, सुरेश कोठारी, गांधी सिन्हा, गंगाधर लेड़िया, संतोष जैन, जगन्नाथ सिवाना, अब्दुल हसीब खान, अरविंद साहू, सोमनाथ रावटे, सरपंच वेद बाई पिस्दा सहित वार्ड पंचों, राम जानकी सेवा समिति एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

**खदान मजदूर संघ ने नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन**

# दल्लीराजहरा पैलेट प्लांट की लीज बाउंड्री और श्रमिक वेतन पर उठे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने दल्ली यंत्रीकृत माइंस परिसर में संचालित 1.2 एमटीपीए पैलेट प्लांट को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए इसकी लीज बाउंड्री, श्रमिकों के वेतनमान और संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जांच की मांग की है। संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 15 सितंबर को नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक ए.के. सिंह से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

संघ ने ज्ञापन की प्रतिलिपि इस्पात मंत्रालय भारत सरकार, सीवीओ-सेल, केंद्रीय सतर्कता आयोग, उप मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) रायपुर, महाप्रबंधक (एजेंट) दल्ली यंत्रीकृत माइंस आईओसी राजहरा तथा भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लूनिया को भी दी है। संघ का दावा है कि पैलेट प्लांट माइनिंग लीज के भीतर स्थित है तथा प्लांट से संबंधित जमीन, पानी, बिजली, मटेरियल और पर्यावरणीय स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण संसाधन व अनुमतियां बीएसपी से जुड़ी हैं। संघ ने यह भी कहा है कि प्लांट के संचालन के लिए जगन्नाथ स्टील प्लांट द्वारा केंद्रीय श्रम कार्यालय से 300 श्रमिकों का लेबर लाइसेंस लिया गया था, जिसकी वैधता 5 सितंबर 2026 तक थी। संघ ने केंद्रीय श्रम लाइसेंस, 719.60 हेक्टेयर राजहरा हिल लीज से संबंधित EC का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पैलेट प्लांट को फैक्ट्री एक्ट के अंतर्गत बताकर वहां कार्यरत श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान से वंचित किया जा रहा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्लांट निर्माण के दौरान श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान के आधार पर भुगतान किया जाता था तथा बीएसपी के श्रम अधिकारियों द्वारा श्रमिकों के भुगतान की जांच की जाती थी। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि उस दौरान श्रमिकों से 12-12 घंटे काम कराने के बावजूद पूरा भुगतान नहीं किया गया और इसके बाद भी ठेकेदार को भुगतान संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए।

### केंद्रीय वेतनमान और सतर्कता जांच की मांग

संघ ने मांग की है कि 1 अप्रैल 2026 से पैलेट प्लांट में कार्यरत श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान, वीडीए, ईपीएफ, ईएसआईसी और बोनस सहित देय अंतर राशि का भुगतान कराया जाए। साथ ही लीज बाउंड्री में परिवर्तन से जुड़े आदेशों की जांच, पूरे प्रकरण की सीवीओ-सेल/सीवीसी से सतर्कता जांच तथा जांच पूरी होने तक किसी भी श्रमिक को नौकरी से नहीं हटाने की मांग की गई है। संघ अध्यक्ष मुश्ताक अहमद अंसारी ने कहा कि पैलेट प्लांट के संचालन, लीज क्षेत्र, श्रमिकों के वेतनमान और संबंधित अनुमतियों को लेकर सामने आए तथ्यों की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि श्रमिकों के अधिकार और पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

### लीज बाउंड्री बदलने के आदेश की जांच की मांग

संघ ने सबसे महत्वपूर्ण सवाल पैलेट प्लांट की लीज बाउंड्री को लेकर उठाया है। ज्ञापन में पूछा गया है कि लीज बाउंड्री में परिवर्तन किस सक्षम आदेश के आधार पर किया गया? संघ ने इसकी आदेश प्रति, आवश्यक अनुमति और संबंधित अभिलेख सार्वजनिक करने तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। संघ का कहना है कि पैलेट प्लांट में आने वाला मटेरियल लीज क्षेत्र से ही आता है और तैयार पैलेट भी बीएसपी को ही जाता है। संघ ने इसे स्वतंत्र फैक्ट्री के बजाय बीओटी/एमडीओ मॉडल से जुड़ा संचालन बताते हुए श्रमिकों के वेतनमान और प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

### शिक्षा और साहित्य सेवा के लिए रामकुमार प्रजापति को मिला अक्षर प्रेरणा सम्मान

**कुसुमकसा।** प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के संयोजन में स्व. बिसंभर यादव 'मरहा' स्मृति साहित्य अलंकरण एवं सम्मान समारोह 2026 गंगा मैया प्रांगण झलमला में हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरडोंगर के व्याख्याता रामकुमार प्रजापति एवं सीता प्रजापति को 'अक्षर प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अरुण निगम, विशेष अतिथि सीताराम साहू 'श्याम', संकल्प यदु, बलदाऊ साहू, डुमन लाल ध्रुव तथा अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल, मोमेंटो एवं पुस्तक भेंट की। रामकुमार प्रजापति अंग्रेजी शिक्षण में नवाचार, तकनीकी माध्यम, ऑनलाइन शिक्षण और कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करते हैं। वे पालकों से संपर्क कर समस्याओं का समाधान भी करते हैं। संस्था के प्राचार्य बीके बहुरूपी, काशीराम सोरी, केशव मानकर, संजय बंजारे, ओमन मारकंडे, आरएस तिवारी, सुमन बंजारे, बीरम मसियारे, छलना सहारे, बलिहार सिंह खरे, धर्मेन्द्र कुमार श्रवण सहित शाला परिवार ने बधाई दी।

# विनायकपुर स्कूल में चला स्वच्छता पखवाड़ा

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विनायकपुर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शाला के प्राचार्य गोविन्द राम साहू के निर्देशानुसार उषा ठाकुर व प्रेमलता योगी ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन शाला परिसर में करवाया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। पखवाड़े के दौरान विद्यालय में स्लोगन, चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्लोगन में प्रथम भूमिका साहू 11वी व द्वितीय वर्षा बारले 11वी,चित्रकला में प्रथम वंशिका देवांगन 9वी व नम्रता 11वी द्वितीय यीशिका साहू 10वी तृतीय पिहू सोनी 9वी निबंध में प्रथम ओमिका पटेल 10 वी व तुलसी साहू 11 वी द्वितीय चांदनी साहू 10 वी व सुमन पटेल 11 वी एवं तृतीय साक्षी पटेल 9 वी व गरिमा देशमुख 11 वी रही। पखवाड़े के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं की स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों ने श्रमदान में भाग लेकर विद्यालय परिसर की सफाई की। साथ ही स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छता संबंधी शपथ एवं स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के भातेंद्र गंगराले,सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू,मालती साहू,पूर्णिमा कोशले,ममता तिवारी, लीना जोशी मीनाक्षी नेताम,गुलशन चंद्राकर, देवऋषि ठाकुर ,तरुण साहू,आशीष पिपरिया व पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक दामन लाल देशमुख,नरेश गयकवाड़ संकुल समन्वयक उषा सिन्हा रामेश्वरी रायते व भावना तिवारी ने सक्रिय सहभागिता की। सभी ने स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ विद्यार्थी और स्वच्छ समाज का संदेश देते हुए स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया एवं गांव को स्वच्छ बनाने रखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज